गौतमी शाह
Gautami Shah

Reading comprehension exercise for a first year Hindi class.

Read the following story and answer the questions below. Proper names are in bold.

सुनीता की कहानी

मेरा नाम **सुनीता** है। मैं टेक्सस से हूँ, लेकिन मेरे माता-पिता बम्बई (= Bombay) से हैं। अब मैं यू.टी. में सीन्यर हूँ। कॉलेज के बाद मैं और पढ़ना चाहती हूँ। और हाँ, मुझे एक अमरीकी लड़के से प्यार है। उसका नाम **पीटर** है। मेरे माता-पिता चाहते हैं कि कॉलेज के बाद मैं एक हिंदुस्तानी लड़के से शादी करूँ। उन्होंने मेरे लिए एक लड़का पसंद किया है। वह बम्बई में रहता है। वह उनके दोस्त का बेटा है। उसका नाम **राजीव** है। **राजीव** एक बहुत अच्छा लड़का है, लेकिन मैं किसी और (= किसी दूसरे लड़के) से प्यार करती हूँ। मैंने अपने माँ-बाप को यह बात बतायी। मैंने कहा कि मैं **पीटर** से प्यार करती हूँ और उस से शादी करना चाहती हूँ। मेरे पिताजी ने कहा कि यह नामुमकिन है। उन्होंने गुस्से में कहा कि जहाँ से हम आते हैं (यानी भारत), वहाँ माँ-बाप अपने बच्चों के लिए उनके पति-पत्नी चुनते हैं और मुझे उनकी बात माननी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि मुझे **राजीव** से ही शादी करनी पड़ेगी। मैंने सोच कर कहा कि यह मेरी ज़िंदगी है, मैं जैसे जीना चाहती हूँ, वैसे ही जिऊँगी!

१. कॉलेज के बाद सुनीता क्या करना चाहती है और उसके माँ-बाप के ख़्याल में उसे क्या करना चाहिए?

२. सुनीता किस से शादी करना चाहती है और सुनीता के माँ-बाप के ख़्याल में सुनीता को किस से शादी करनी चाहिए? क्यों?

३. अंत (=end) में सुनीता ने कहा "यह मेरी ज़िंदगी है, मैं जैसे जीना चाहती हूँ, वैसे ही जिऊँगी" - क्या आप इस बात से सहमत हैं? क्यों?

४. अगर आप सुनीता की जगह में होते/होतीं (होतों for a non-binary option if desired) तो आप क्या करते/करतीं करतों for a non-binary option if desired)? क्यों?

.